# सी. एस.आई.  कर्नाटक सेंट्रल डायोसीस

## विकलांगता: देखभाल और सम्मान 2019

**आराधना का आह्वान**

**अगुआ:** मेरे मन का स्वामी तो तू है ; तूने मुझे माता के गर्भ मैं रचा ।

**कलिसिआ:** मैं तेरा धन्यवाद करूँगा,इसीलिए कि  मैं भयानक और अद्भुत रीति  से रचा गया हूँ।तेरे काम तो आश्चर्य के है, और मैं इसे भली भांति जानता हूँ।

**अगुआ:** जब मैं गुप्त मैं बनाया जाता ,और पृथ्वी के नीचे  स्थानों रचा जाता था,तब मेरी हड्डियाँ तुझसे छिपी  न थीं ।

**कलिसिआ:** मैं तेरा धन्यवाद करूँगा,इसीलिए कि  मैं भयानक और अद्भुत रीति  से रचा गया हूँ।तेरे काम तो आश्चर्य के है, और मैं इसे भली भांति जानता हूँ।

**अगुआ:** जब मैं गुप्त में, पृथ्वी के नीचे  स्थानों रचा जाता था,तेरी आँखों ने मेरे बेडौल तत्त्व को देखा ।

**कलिसिआ:** मैं तेरा धन्यवाद करूँगा,इसीलिए कि  मैं भयानक और अद्भुत रीति  से रचा गया हूँ।तेरे काम तो आश्चर्य के है, और मैं इसे भली भांति जानता हूँ ।

**अगुआ:** सारी  महिमा और आदर हमारे सृष्टिकर्ता परमेश्वर की है ,जिसकी आराधना हम त्रियेक परमेश्वर के नाम से  आरम्भ करतें है। आमीन।

**आरंभिक भजन**

**स्तुति और धन्यवाद की  प्रार्थना**

**अगुआ:** हे प्रभु,हमारे परमेश्वर ,हम आपको धन्यवाद देते और आपकी स्तुति करतें हैं ,तथा यह विश्वास करतें की आप आपना उद्देश्य हमारे लिए पूर्ण करेंगे ।हे ईश्वर ,आपका प्रेम सदा के लिए है और आपकी दया निरंतर नयी होती जाती है।

**कलिसिआ:** हे परमेश्वर आपके विचार मेरे लिए कितने बहुमूल्य हैं !उनका योग कितना विशाल है!

**अगुआ:** हे धन्य प्रभु, हमारे परमेश्वर , हम आपका धन्यवाद और स्तुति करतें हैं, तथा यह भरोसा करतें की आपके प्रेम की संगति में जैसे दाऊद ने स्मरण किया मेपहीबाशेत को ,जो जोनाथन का पुत्र था ,सयुक्त होकर राजा की संगति में किया।

**कलिसिआ:** हे परमेश्वर आपके विचार मेरे लिए कितने बहुमूल्य हैं !उनका योग कितना विशाल है!

**अगुआ:**हे धन्य प्रभु, हमारे परमेश्वर , हम आपका धन्यवाद और स्तुति करतें हैं, तथा हमारी आशा आपकी स्वीकृति की गरिमा पर है ,जब प्रभु यीशु मसीह के समक्ष अंधे और लंगड़े मनुष्य मंदिर में आये और उन्होंने उन्हें चंगा किया ।

**कलिसिआ:** हे परमेश्वर आपके विचार मेरे लिए कितने बहुमूल्य हैं !उनका योग कितना विशाल है! आमीन।

पाप-स्वीकारोक्ति **का आह्वान**

**अगुआ:**परमेश्वर ने कहा, उन्हें किसने मुंह दिया? कौन उन्हें बधिर या मूक बनाता है? कौन उन्हें दृष्टि देता है या उन्हें अंधा बनाता है? यह मैं नहीं, प्रभु? परमेश्वर की छवि विशालता में बसती है और मानव मन इसकी कल्पना नहीं कर सकता है। परमेश्वर के रहस्योद्घाटन की वास्तविकता को जाने बिना, हमने अपने स्वयं के पूर्वाग्रहों और उन लोगों के लिए पूर्व-निर्णयात्मक दृष्टिकोणों के

आधार पर निर्णय लिया है, जिन्हे परमेश्वर  ने शारीरिक,मानसिक भावनात्मक,और बौद्धिक चुनौतिओं से आशिषित किया है।इसीलिए ,आइये हम परमेवश्वर की स्वरुप की विविधता पर विचार करें और अपने  खोट  के लिए उनसे क्षमा निवेदन करें।

**कलिसिआ:** हे परमेश्वर,आपने मुझे खोज लिया है और आप मुझे जानते हैं। आप मेरे विचारों  को जानते है कि किस प्रकार मैंने उन लोगों को जो शारीरिक और भावनात्मक रूप से बाधित हैं ,उन्हें मनुष्यों से कमतर समझा।हे प्रभु,मुझे क्षमा कीजिये ।आप मेरे कार्यों को जानते हैं, जब मैंने उस व्यक्ति को फटकारा और उपहास किया था, जिसे मैंने अधूरा माना था; मुझे क्षमा करें हे प्रभु । आप मेरे दृष्टिकोण को जानते हैं जब मैंने एक परिवार और समाज के लिए विशेष आवश्यकताओं के साथ मनुष्यों को बोझ, शापित और एक बीमारी के रूप में मापा; मुझे क्षमा करें हे प्रभु ।

**सभी:** हे परमेश्वर, मुझे ठोकर का कारण न बनने में मदद करें परन्तु मुझे विकलांगों के सम्मान और गरिमा के साथ बर्ताव के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाला एक पुल बनाएं; क्योंकि मैं आपका भय मानता  हूँ ,हे प्रभु। आमीन।

## सुकून  के शब्द

"हम मिट नहीं गए,यह यहोवा की महाकरुणा का फल है,क्योंकि उसकी दया अमर है।'  विलापगीत ३:२२

"और अपने पैरों के लिए सीधे मार्ग बनाओ कि लंगड़ा भटक न जाये ,पर भला चंगा हो जाये।" इब्रानियों १२: १३

पर उसने मुझ से कहा "मेरा अनुग्रह तेरे लिए बहुत है;क्योंकि मेरी सामर्थ्य निर्बलता में सिद्ध होती है। इसीलिए मैं बड़े आनंद से अपनी निर्बलताओं पर घमंड करूँगा  कि मसीह  की सामर्थ्य मुझ पर छाया करती रहे ।इस कारण मैं

मसीह के लिए निर्बलताओं में ,और निन्दाओं में, और दरिद्रता में ,और उपद्रवों में ,और संकटों में प्रसन्न हूँ; क्योंकि जब में निर्बल होता हूँ ,तभी बलवान होता हूँ।"२ कुरिन्थियों १२:९-१०

## उद्धार /मुक्ति की प्रार्थना

सर्वशक्तिमान ईश्वर आपको नई राह प्रदान करें ताकि आप उम्मीद का जरिया बने; सर्वशक्तिमान ईश्वर आपको अविभाजित ह्रदय प्रदान करे जिस से आप ईश्वर के संपूर्ण स्वरुप को स्वीकार कर सकें तथा ऐसी सामर्थ्य प्रदान करें ताकि ईश्वर की इच्छा आपके जीवन के द्वारा पूर्ण हो सके । आमीन।

## आज के कलेक्ट की प्रार्थना

हे प्रभु हमारे परमेश्वर ,जिनके पुत्र यीशु मसीह सब प्रकार की बीमारियों से चंगा करने वाले,उन सब लोगों को शांति प्रदान करें , जो मानसिक अशांति से परेशान हैं तथा जिनको शारीरिक चुनौतियाँ हैं,अपने पवित्र आत्मा के सामर्थ्य के द्वारा संभाल।

यह वर दे की हमारी कलीसिया उन लोगों के लिए आपके प्रेम तथा देखभाल का माध्यम बने,और उसी प्रभु यीशु मसीह के द्वारा ,जिन्होंने आपने जीवन काल में शारीरिक और मानसिक चुनौतियों से प्रभावित लोगों की गरिमा को दृढ़ता से बरक़रार रखा , अब आपके साथ निवास करते और पवित्र आत्मा के साथ राज करते तथा एक ईश्वर संसार के अंत तक रहेंगे। आमीन।

## बाइबिल पाठ

पुराने नियम २ शमूएल ९:१-१३

भजन संहिता १४६

पत्र वचन ९:३२-३५

सुसमाचार वचन संत मरकुस ३: १-६

**उपदेश**

**विश्वास वचन का अंगीकार**

**सूचनाएँ**

**मध्यस्थतता की प्रार्थना**

**अगुआ:** हे प्रभु आपकी दया के द्वारा से, कमजोरी के समय में हमने आपकी ताकत की सुंदरता देखी है; विशेष रूप से जब हम डॉ मैरी वर्गीस की सेवा तथा सेवकाई को व्हीलचेयर सर्जन के रूप में याद करते हैं, जिन्होंने ऐसे लोगों को को प्रेरित किया, जो शारीरिक चुनौतियों के होते हुए भी हमारे समाज के लिए चंगाई और आशा का एक जरिया बन गए हैं ।

**कलीसिया** :हे प्रभु हमारी सहायता करें ताकि हम देख सकें कि मूक बोलने लगें,तथा,किसी की भी विकलांगता न रहे,लंगड़े चलने लगें और अंधे दृष्टि पाएं ।

**अगुआ:**हे प्रभु आपकी दया के द्वारा , हमने संकटों के समय में आपके ज्ञान की गहराई को माना है; जैसा कि हम जॉन वुजिचिक के योगदान के बारे में सोचते हैं जो बिना अंगों के जीवन (लाइफ विडाउट लिंब ) के संस्थापकहैं और अपनी उत्साहवर्धक बातों से दुनिया को प्रेरित करते हैं।

**कलीसिया :**हे प्रभु हमारी सहायता करें ताकि हम देख सकें कि मूक बोलने,किसी की भी विकलांगता न रहे,लंगड़े चलने लगें और अंधे दृष्टि पाएं ।

**अगुआ:**हे प्रभु आपकी दया के द्वारा से, हमने मानवता की गरिमा को जाना है जब हम देखते हैं की कैसे विशेष और विकलांग बच्चों के माता-पिता प्रतिबद्धता के साथ जीवन में कठिनाईओं सामना करते हैं, और हम उनके अपने बच्चों के

जीवन को गरिमा और सम्मान के साथ सँवारने  में उनके समर्पण को पहचानते हैं।

**कलीसिया** :हे प्रभु हमारी सहायता करें ताकि हम देख सकें कि मूक बोलने लगें,तथा,किसी की भी विकलांगता न रहे,लंगड़े चलने लगें और अंधे दृष्टि पाएं ।

**अगुआ:** अगुआ:हे प्रभु आपकी दया  से, हमने के सी डी  के विशेष विद्यालय "अर्पणा" के समर्पण और प्रतिबद्धता में आपके प्यार की दृष्टि को अर्जित कर लिया है; जो  पिछले 38 सालों से  बच्चों को प्रशिक्षण और शिक्षा देकर, तथा मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करके यीशु के प्रेम को साझा करते हैं।

**कलीसिया** :हे प्रभु हमारी सहायता करें ताकि हम देख सकें कि मूक बोलने लगें,तथा किसी की भी विकलांगता न रहे,लंगड़े चलने लगें और अंधे दृष्टि पाएं ।

**प्रभु की प्रार्थना**

**समापन भजन**

**आशीर्वचन**

सर्वशक्तिमान पिता परमेश्वर की आशीष ,जिन्होंने हर एक की सृष्टि एक उद्देश्य के तहत की है ,प्रभु यीशु  मसीह की आशीष जिन्होंने परमेश्वर पिता की इच्छा को पूरा किया तथा पवित्र आत्मा की आशीष जो परमेश्वर के विज़न और मिशन को जारी रखती है ,हमारे साथ बने रहें ताकि हम प्रेम और सेवा का माध्यम बन सके।

आमीन।